महेश जोशी का टिकट कटा, आर. आर. तिवारी ने भरा नामांकन

तिवारी का दावा : प्रभारी ने फोन करके नामांकन भरने को कहा

- आमेर से प्रशांत सहदेव शर्मा को हरी झंडी, झोटवाड़ा में अभी पेच फंसा
- विद्याधर नगर में सीताराम अग्रवाल ने, तो सिविल लाइन से प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी भरा नामांकन

जयपुर की हवामहल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करने के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर.आर. तिवारी ने पूर्व मंत्री और खादी बोर्ड के अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा का आशीर्वाद लिया।

जयपुर, (का.प्र.)। जयपुर शहर की हवामहल विधानसभा सीट से कांग्रेस की ओर कैबिनेट मंत्री महेश जोशी का पत्ता आलाकमान की नाराजगी के चलते काट दिया गया है और यहां से जयपुर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आर आर तिवारी कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं और उन्होंने अपना नामांकन शनिवार को दाखिल कर दिया। पार्टी आलाकमान की ओर से उन्हें इस बारे में फोन पर सूचना दे दी गई थी कि वह अपना नामांकन दाखिल कर दें। उन्हें पार्टी सिंबल दिया जाएगा। महेश जोशी की ओर से भी नामांकन पत्र मंगवाए गए हैं।

नामांकन दाखिल करने के बाद तिवाड़ी ने कहा कि हवामहल सीट से मेरा टिकट फाइनल हो गया है। आज शुभ मुहूर्त में नामांकन दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि आम जनता को महंगाई से राहत देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महंगाई से राहत देने के लिए जनता को 7 गारंटी दी हैं। वो पीएम मोदी की तरह वादे नहीं करते हैं, काम करके दिखाते हैं। आने वाले चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने पर गहलोत ने जनता को 7 गारंटी देने का वादा किया है। इन गारंटियों को लेकर ही वे जनता के बीच जाएंगे। तिवाड़ी ने कहा कि वह 6 नवंबर को अपने प्रधान कार्यालय का उद्घाटन करेंगे, जिसमें महेश जोशी भी आएंगे। उन्होंने कहा कि महेश जोशी के मेरे सामने खड़े होने का प्रश्न काल्पनिक है। 6 नवंबर तक सब दूल्हे बन सकते हैं, आज मैं नामांकन फॉर्म जमा करके दूल्हा बन गया हूं। जयपुर शहर की सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी अपने समर्थकों के साथ जाकर नामांकन दाखिल कर दिया है।

हवा महल से लगती जयपुर ग्रामीण लोकसभा की सीट आमेर से भी पार्टी ने प्रशांत सहदेव शर्मा को नामांकन दाखिल करने के लिए कहा है। प्रशांत सहदेव शर्मा ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। अब पार्टी उन्हें सिंबल देगी। वही झोटवाड़ा विधानसभा सीट का मामला भी कांग्रेस में फंसा हुआ है। ऐसे में संभावित है यहां से जिसे भी पार्टी सिंबल देगी, उसका नाम रविवार शाम तक जाहिर हो पाएगा। वही विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से भी कांग्रेस ने अभी तक प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया है, लेकिन पिछली बार हारने वाले सीताराम अग्रवाल ने जहां नामांकन दाखिल कर दिया है, वहीं महिला दावेदार शशि गुप्ता ने भी नामांकन पत्र ले लिए हैं। ऐसे में जब तक सूची सामने नहीं आती, तब तक असमंजस बना हुआ है।

उधर अलवर में उम्मीदवार घोषित होने के बाद से पूर्व सांसद डॉ करण सिंह यादव की ओर से विरोध अभी तक जारी है। डॉ करण सिंह यादव ने दिल्ली जाकर सीधे सोनिया गांधी के कार्यालय में संपर्क किया और उसके बाद वहां से संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल से कहा गया कि वे डॉ करण सिंह से बात करें। उसके बाद डॉ करण सिंह और के सी वेणुगोपाल की मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद डॉ करण सिंह यादव का कहना है कि मैंने संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल को बता दिया है कि जौहरी लाल मीणा और बाबूलाल बैरवा के टिकट काटे जाने से गलत संदेश जा रहा है। वही बहरोड से जिस युवक को टिकट दिया गया है, उसकी जमानत बचना भी मुश्किल है। वहां से बस्तीराम यादव को टिकट दिया जाना चाहिए था। डॉ करण सिंह यादव ने कहा कि मुझे संगठन महासचिव ने कहा है कि इन सीटों को लेकर फिर से चर्चा की जा सकती है।

जालसू मण्डल में भाजपा का चुनाव कार्यालय शुरू

चौमूं में भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा की नामांकन सभा में उप नेता प्रतिपक्ष डॉ.सतीश पूनिया शामिल हुए।

जयपुर। विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा जालसू मण्डल में चुनाव कार्यालय का शुभांरभ किया, उन्होंने कार्यकर्ताओं और आमजन से भाजपा की प्रचण्ड जीत का आव्हान किया। डॉ. पूनिया ने कहा कि, आमेर, चौमूं से लेकर पूरे प्रदेश में भाजपा 150 से अधिक सीटों के साथ जीतकर प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएगी। चौमूं में भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा की नामांकन सभा में शामिल होकर सतीश पूनिया ने कहा कि चौमूं की नामांकन सभा का यह प्रचंड जोश बता रहा है कि अबकी बार चौमूं और आमेर जीत का नया इतिहास बनाएंगे और कमल का फूल प्रचंड बहुमत के साथ खिलेगा और ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा राजस्थान में सरकार बनाने जा रही है।

भाजपा में बगावत के सुर तेज हुए

- भरतपुर जिला अध्यक्ष ऋषि बंसल ने दिया इस्तीफा तो हाल ही में सदस्यता ग्रहण करने वाले भाटी भरेंगे निर्दलीय नामांकन
- वहीं वसुंधरा के खास सिपाहसालार यूनुस खान भी बनेंगे निर्दलीय नामांकन

जयपुर। विधानसभा चुनाव के नामांकन भरने की आखिरी तारीख नजदीक आते ही भाजपा में बगावत फिर तेज हो गई है। भरतपुर जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल ने जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते हुए उनकी पत्नी रितु बणावत को बयाना से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। लेकिन भाजपा ने बंशीवाल को टिकट दिया तो, उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। वहीं, जयनारायण व्यास (जेएनवीयू) यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह भाटी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। सोमवार को वे नॉमिनेशन भर सकते हैं।

वहीं, वसुंधरा सरकार में मंत्री रहे व वसुंधरा राजे के खास सिपाह सलाहकार माने जाने वाले यूनुस खान ने भी भाजपा छोड़ने की घोषणा कर दी है। वे डीडवाना से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की। यूनुस खान ने कहा कि भाजपा ने मुझे बहुत कुछ दिया, लेकिन एक बार बुलाकर कह देते कि हम टिकट नहीं दे पाएंगे तो कोई बात नहीं थी। लेकिन अब मैं डीडवाना की जनता के लिए चुनाव लड़ूंगा।

नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता नेम सिंह फौजदार ने आरएलपी और चंद्रशेखर के गठबंधन से चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि बयाना और नगर विधानसभा क्षेत्र पर चतुष्कोणीय मुकाबला हो गया हैं।

इनमें अलवर के थानागाजी से भाजपा के बागी रोहिताश घांघल, मुंडावर में कांग्रेस की बागी अंजलि यादव, किशनगढ़बास से कांग्रेस की बागी सिमरत कौर, राजगढ़ से कांग्रेस के बागी विधायक जौहरी लाल मीणा, बानसूर से भाजपा के बागी पूर्व मंत्री रोहिताश शर्मा नामांकन भर चुके हैं। वहीं शनिवार को बस्सी से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जितेंद्र मीणा ने भी नामांकन भरा। वहीं 7 दिन पहले भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह भाटी बाड़मेर जिले के शिव विधानसभा से टिकट नहीं मिलने के कारण नाराज हो गए हैं।

हमारे सपनों को आग लगाने का प्रयास किया जा रहा है : त्रिवेदी

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ''जयपुर डायलॉग'' में शामिल हुए।

- इस बार की दिवाली कई मायनों में पहली व आखिरी होगी
- गुलाबी नगरी में राष्ट्रवादियों का आठवां महाकुंभ शुरू

जयपुर, (का.सं.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण के साथ ही भारत की विजय पताका भी दुनिया में फहराने लगी है। इस बार की दिवाली कई मायनों में पहली और आखिरी दिवाली होगी। पहली इस मायने में कि रामलला मंदिर में विराजेंगे और वहीं आखिरी इसलिए एक रामलला टैंट से भव्य मंदिर में विराजेंगे। वामपंथियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया ही चौराहे पर खड़ी है। सनातन धर्म को वायरस बताने वालों के दिमाग में वायरस है। उन्होंने कहा कि आज हमारे सपनों को आग लगाने का प्रयास किया जा रहा है। भारत शक्ति को भ्रमित करने के लिए आंदोलन, हिंसा, झूठे नरेटिव गढ़ने से लेकर पूरी व्यवस्था को बदलने का षडयंत्र रचे जा रहे हैं। लेकिन इस अंधकार के निवारण के लिए अब सभी को सारथी बनना होगा।

त्रिवेदी शनिवार को यहां जेएलएन मार्ग स्थित होटल क्लार्क्स आमेर में जयपुर डायलॉग्स के दो दिवसीय आठवें संस्करण के शुभारंभ पर उपस्थित श्रोताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण कालचक्र की गति की तरह है। मंदिर का शिलान्यास, निर्माण और राजनीतिक परिवर्तन निरंतर क्रम में चल रहा है। देश का उद्धार, उत्थान और सम्मान निरंतर ऊंचाई की ओर अग्रसर है। सुधांशु त्रिवेदी ने अपने चिरपरिचित अंदाज में धर्म, शास्त्र, इतिहास व विज्ञान सहित अनेक विषयों पर बतौर दार्शनिक विचार व्यक्त करते हुए श्रोताओं की वाहवाही ली। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि देश में फैलाई जा रही अव्यवस्था की धुंध और भ्रम का एक ही निवारण है और वह है मोदी फैक्टर। मोदी फैक्टर की दो डोज हो चुकी है।इस मौके पर साहित्यकार आनंद रंगनाथन की पुस्तक हिन्दूज इन हिन्दू राष्ट्र तथा जयपुर डायलॉग्स के चेयरपर्सन संजय दीक्षित की पुस्तक ऑल रिलिजन ऑल रिलिजनस आर नॉट द सेम का भी विमोचन किया गया। इससे पहले जयपुर डायलॉग्स के चेयरपर्सन संजय दीक्षित ने विषय प्रवर्तन व अध्यक्ष सुनील कोठारी ने स्वागत किया। आगामी सत्रों में रामगढ़ (अलवर) से भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा, यूट्ययूबर साहिल एक्स मुस्लिम, अंबर जैदी, इतिहासकार पद्मश्री मीनाक्षी जैन, नुपूर जे शर्मा, ओमेन्द्र रत्नू, प्रतीष विश्वनाथ, नीरज अत्रीर प्रतीक बोराडे, प्रवीण चतुर्वेदी, संजीव नेवार, राजेश कुमार सिंह, रघुहरि डालमिया, भरत गुप्ता, अजय छुंठ्ठू, पंडित सतीश शर्मा, आरती टिक्कू, रामनिक मन्न, धीरेन्द्र पुंढीर, डॉ एसपी वेद, अनुज धर, आर जगन्नाथ, आभास महदहियर आदि वक्ताओं ने राष्ट्रीय अस्मिता, अखंडता व इतिहास को लेकर जोरदार पैरवी की।

निलंबित आई.पी.एस.दिव्या मित्तल की गिरफ्तारी पर रोक

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नशीली दवा से जुड़े मामले में दो करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के मामले में निलंबित की गई एसओजी, अजमेर की तत्कालीन एडिशनल एसपी दिव्या मित्तल व एक अन्य संजय नंदवानी को एसीबी, जयपुर की ओर से गत 11 अक्टूबर को दर्ज एफआईआर में गिरफ्तार करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की एकलपीठ ने यह आदेश दिव्या मित्तल व संजय नंदवानी की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि विकास अग्रवाल ने पूर्व में एसीबी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि नशीली दवा से जुडे मामले में उसे गलत रूप से लिप्त बताया गया और बाद में उसका नाम हटाने की एवज में दिव्या मित्तल ने दलाल के जरिए दो करोड रुपए की रिश्वत मांगी। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने दिव्या को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। याचिका में कहा गया कि विकास अग्रवाल ने अपने बयान में कहा कि संजय नंदवानी ने अपने भाई सुनील नंदवानी को दो अन्य एफआईआर में कार्रवाई नहीं करने की एवज में दिव्या मित्तल को एक करोड रुपए की रिश्वत दी थी। याचिका में बताया गया कि इस बयान और मोबाइल रिकॉर्डिंग के आधार पर पुलिस ने गत 11 अक्टूबर को याचिकाकर्ताओं के खिलाफ अलग से एक अन्य एफआईआर दर्ज कर ली। जबकि याचिकाकर्ता ने न तो रिश्वत की डिमांड की है और ना ही उससे इस राशि की रिकवरी हुई है। दो दूसरे लोगों की बातचीत के आधार पर याचिकाकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती है। यदि याचिकाकर्ता पर रिश्वत का आरोप भी है तो उसकी जांच पहले वाली एफआईआर में की जा सकती थी। इसलिए याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज इस एफआईआर को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तार करने पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

यूट्यूबर एल्विश से पूछताछ

कोटा। रियलिटी शो ''बिग बॉस'' से चर्चा में आए यूट्यूबर एल्विश यादव से कोटा पुलिस ने करीब 20 मिनट पूछताछ की, इसके बाद छोड़ दिया। शनिवार शाम करीब साढ़े 6 बजे एल्विश यादव अपने दोस्तों के साथ कार से झालावाड़ की तरफ से आ रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने जांच के लिए रोका था। एल्विश की लग्जरी कार में तीन अन्य युवक भी सवार थे। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी सांसद मेनका गांधी से जुड़े ऑर्गेनाइजेशन पिपल फॉर एनिमल्स इंडिया ने सांपों का जहर रेव पार्टी में उपलब्ध कराने वाली गैंग को लेकर स्टिंग ऑपरेशन किया था। इसमें एल्विश यादव का नाम सामने आने के बाद पुलिस में शिकायत भी की गई थी। शुक्रवार को नोएडा पुलिस ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत एल्विश यादव समेत 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एल्विश पर रेव पार्टी करवाने का आरोप है। कोटा के सुकेत थानाधिकारी विष्णु कुमार ने बताया कि एल्विश के पास कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उनके खिलाफ मुकदमा नोएडा मेंदर्ज है। अभी उन पर कोई आरोप प्रमाणित नहीं है।

सुबोध अग्रवाल व महेश जोशी के ओ.एस.डी.से जल्द दिल्ली में हो सकती है ई.डी.की पूछताछ

जल जीवन मिशन में करोड़ों रुपए के घोटालों का मामला

- मामले को लेकर ईडी की ओर से शुक्रवार को जयपुर और दौसा सहित 26 जगहों पर की गई छापेमारी में 48 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी और करोड़ों रुपये के बैंक बैलेंस, अन्य सम्पत्ति के दस्तावेज व उपकरण मिले है।

जयपुर। जल जीवन मिशन घोटालों के मामले में ईडी जलदाय विभाग के एसीएस सुबोध अग्रवाल के जयपुर स्थित आवास और कार्यालय में सर्च के बाद अब उन्हें पूछताछ के लिए नोटिस देकर दिल्ली बुला सकती है। उधर ईडी की ओर से शुक्रवार को जयपुर और दौसा सहित 26 जगहों पर की गई छापेमारी में 48 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी और करोड़ों रुपये के बैंक बैलेंस अन्य सम्पत्ति के दस्तावेज सामने आए।

ईडी की ओर से दी गई अधिकारिक जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जल जीवन मिशन घोटलों को लेकर जयपुर और दौसा सहित 26 स्थानों पर निजी व्यक्तियों के अलावा, एसीएस सुबोध अग्रवाल सहित वरिष्ठ पीएचईडी अधिकारियों के कार्यालयों और आवासों पर तलाशी अभियान चलाया है। इस दौरान 48 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी मिली। साथ ही 1.73 करोड़ रुपये के बैंक बैलेंस सहित 2.21 करोड़ रुपये, अन्य संपत्ति के दस्तावेज और डिजिटल उपकरणों सहित विभिन्न आपत्तिजनक कागजात जब्त किए गए। ईडी के अनुसार इस मामले में पिछले दो से तीन महीनों में अब तक कुल 11.03 करोड़ कैश और अन्य सामान जब्त किया गया है। इसमें 6.50 करोड़ का सोना व चांदी शामिल है।

सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को सर्च की कार्रवाई पूरी होने के बाद ईडी के अधिकारियों ने नगदी और जब्त दस्तावेजों को जयपुर मुख्यालय में जमा करवा दिया है। कुछ उपकरण और डायरी को लेकर टीम दिल्ली रवाना हो गई। सूत्रों के अनुसार जल्द ही ईडी एसीएस सुबोध अग्रवाल और महेश जोशी के ओएसडी संजय अग्रवाल को पूछताछ के लिए दिल्ली बुला सकती है। सूत्रों के अनुसार जानकारी यह भी है कि सुबोध अग्रवाल के एक निजी सहायक से महेश नगर इलाके में हुई पूछताछ के बाद कई दस्तावेज भी मिले हैं। इसमें जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े दस्तावेज और डायरी हैं। संभावना है कि अन्य लोगों को अलग-अलग पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 63/2023

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री सौरभ मुखर्जी निवासी मुखर्जी बिल्डिंग, हाथी बाबू का बाग, कान्ति नगर, बनीपार्क जयपुर पंजीकृत प्रन्यास सतकोडी मुखर्जी चेरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 7 जयपुर 1984 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत न्यासी श्री अरूप मुखर्जी का स्वर्गवास होने के उनका नाम प्रन्यास अभिलेख से हटाने तथा स्वयं सौरभ मुखर्जी का नाम नवीन प्रन्यासी के रूप में प्रन्यास रिकार्ड में दर्ज अभिलेख में कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, मैं हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र पर निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 28.11.2023

मोहर अदालत

आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

गीता बजाज बाल मन्दिर संस्थान, मोती डूंगरी, जयपुर।

आवश्कता है:–बी एड कॉलेज हेतु:– प्राचार्य–योग्यता: NCTE/UGC राजस्थान विश्वविद्यालय के नियमानुसार। वेतन– अनुभव एवं योग्यतानुसार। 11.11.2023 तक शैक्षणिक दस्तावेज सहित ईमेल: geetabajajsansthan.jaipur@gmail.com पर आवेदन करें।

मंत्री

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जात है कि मेरे अभिभाष्य जयकिशन पुत्र श्री रामगोपाल यादव, निवासी प्लाट नम्बर ए-20 एकता नगर, केशुपुरा जयपुर के पुत्र पुलकित यादव मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है एवं लगातार आपराधिक कार्यों में लिप्त रहता है इसलिए मेरे अभिभाष्य अपने पुत्र को अपने व अपने परिवार के जीवन से व अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता है तथा भविष्य में यदि कोई व्यक्ति, संस्था या पुलिस कार्यवाही होती है तो वह उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा व इनके किसी भी कृत्य व संव्यवहार से मेरा अभिभाष्य व उसके परिवारजन जिम्मेदार नहीं है। बावजूद इसके यदि कोई व्यक्ति/संस्था मेरे अभिभाष्य के पुत्र पुलकित यादव से मेरे अभिभाष्य के सम्बन्धों के आधार पर कोई संव्यवहार करता है तो उसके लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। अतः सूचित रहे।

जयपुर (अशोक यादव) एडवोकेट
दिनांक-4.11.2023 मो.नं. 9829066815

क्रम सं. दिनांक- 03.11.2023

प्रेस-विज्ञप्ति पूर्व में गोनेर रोड, खो-नागोरियान में निशा कॉलोनी के सभी आवंटन पत्रों को बनेठी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर में समायोजित करके सद्भावना नगर-विस्तार के नाम से कॉलोनी सृजित की गई थी। उसमें जब भूखण्डधारियों द्वारा हाल ही में भूखण्डों में निर्माण किया गया तब पता चला कि एक आवंटन पत्र सरफराज खां पुत्र बब्बू खॉ, निशा कॉलोनी, प्लॉट नं. 1 (233.34 वर्गगज) का आवंटन पत्र फर्जी पाया गया। इसके बदले पूर्व पदाधिकारियों से सद्भावना नगर विस्तार में दुकान नं. 4 मुन्नी बेगम पत्नी अल्लानूर खॉ, बदली की ढाणी, खो-नागोरियान, जयपुर एवं प्लॉट नं. 23 (84.77 वर्गगज) स्वयं सरफराज खॉ पुत्र बब्बू खॉ ने बनेठी गृह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारियों से धोखें से आवंटन पत्र प्राप्त किया था उक्त नम्बर की एक दुकान तथा एक प्लॉट के आवंटन पत्र को निरस्त किया जाता है।

व्यवस्थापक, बनेठी गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
जयपुर (राज.)

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 290/23

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम कविता गुप्ता पत्नि श्री हरिश गुप्ता जाति.... विवाद स्थान प्लाट नं. सी-42, फ्लैट नं. एलजी-1, ग्राउण्ड फ्लोर मंगलम सिटी, कालवाड रोड, जयपुर

मृतक शिल्पा पुत्री कविता गुप्ता की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 13.12.23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम शिल्पा गुप्ता पुत्री कविता गुप्ता जाति... निवासी प्लाट नं. सी-42, फ्लैट नं. एलजी-1, ग्राउण्ड फ्लोर मंगलम सिटी, कालवाड रोड, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 13 माह 12 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 2 माह 11 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय

खोया पाया

जय श्री श्याम आवास कुंज द्वितीय विस्तार चाकसू में दलपतपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति लि. के द्वारा लक्ष्मी देवी पत्नी शंकर लाल बैरवा, इंदिरा कॉलोनी, रामनिवासपुरा, चाकसू के नाम जारी किया गया पट्टा कहीं खो गया है मिलने पर संपर्क करें- 8739860282

NOTICE TO SHOW CAUSE
In The High Court of Judicature For Rajasthan at JAIPUR

Shanti Lal Petitioner
V/s.
Mohan al & Ors.
Respondent- State of Rajasthan
V/s.
S.B. Civil Writ Petition 1457/2009

To,
(2/1) Munni Devi Chhabra W/o Shri Nemi Kumar Ji Chhabra R/o Suresh Nagar, Durgapura, Jaipur.
(2/2) Shanti Devi W/o. Sh. Suresh Chand Badjatya R/o 61, Laxmi Nagar, Near Patashe walo ki Galhe, Goner Road, Agra Road, Japur.
(2/3) Nirmala W/o. Sh. Narendra Kasliwal R/o. Mukam Post Phagi Distt. Jaipur.

Where as the above named petitioner has made a writ petition to this Court under Article 226 the Constitution of India, A copy which is enclosed.

You are hereby informed that you may appear in person or by a apleader duly instructed on the 7.11.23(CD) at.....A.M. to show cause why the writ petition should not be admitted, falling wherein the said writ petition will be heard and admitted exparty.

Given under my hand and the seal of the Court.

this...day of 13.10.23 मोहर अदालत

Registrar
प्रशासनिक अधिकारी न्यायिक
राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों की
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 272 /2023

चूंकि श्री हिम्मतमल डोसी निवासी बी-104, जनता कॉलोनी जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, मिलाप भवन, कुन्दीगर भैरूंजी का रास्ता, जौहरी बाजार जयपुर राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, मैं हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 31.10.23 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 10.1.24

आकाश रंजन (आर.ए.एस.),
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देव स्थान विभाग, जयपुर

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची
संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
क्रम-4, महानगर द्वितीय जयपुर
श्रीमती नीरू शर्मा विरूद्ध संयुक्त गृह निर्माण
वाद/प्रार्थना पत्र-CMC No. 29/13
प्रार्थना-पत्र संख्या - 9 रूल 13

नाम (1) श्रीमती नीरू शर्मा पत्नि श्री जितेन्द्र शर्मा जाति ब्राह्मण पता म.नं. 3 चम्पा विहार कॉलोनी अलीगढ (यू.पी.) जरिये मुख्त्यार आम श्री मुरारी लाल शर्मा (2) श्री संजय जैन पुत्र श्री महावीर जैन नि. प्लाट नं. ई-8 गोखले मार्ग सी-स्कीम जयपुर

उक्त .... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि-

अतः आपको चतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 08 माह 12 सन् 2023 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्हे में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज दिनांक 20 माह 10 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
मोहर क्रम-4 जयपुर महानगर द्वितीय

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची
संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
क्रम-4, महानगर द्वितीय जयपुर
श्रीमती राजरानी शर्मा विरूद्ध संयुक्त गृह निर्माण
वाद/प्रार्थना पत्र-CMC No. 28/13
प्रार्थना-पत्र संख्या - 9 रूल 13

नाम (1) श्रीमती राजरानी शर्मा पत्नि श्री रामप्रकाश शर्मा नि. म.नं. 3/249 लक्ष्मी बाई मार्ग रामघाट रोड, अलीगढ (यू.पी.) जरिये मुख्त्यार आम श्री जितेन्द्र शर्मा (2) श्रीमती गीता जैन पत्नि श्री महावीर जैन नि. प्लाट नं. ई-8 गोखले मार्ग, सी-स्कीम,जयपुर उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि-

अतः आपको चतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 08 माह 12 सन् 2023 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्हे में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज दिनांक 20 माह 10 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
मोहर क्रम-4 जयपुर महानगर द्वितीय